तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, रविवार, 31 मई 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

4

आंधी-बारिश में उड़ गया शेड, सामुदायिक भवन में सचालित हो रहा सुलौनी प्राइमरी स्कूल



## खबर संक्षेप

### दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र में प्रवेश प्रारंभ

**जशपुरनगर।** जिला खनिज संस्थान न्यास जशपुर द्वारा संचालित समर्थ आवासीय दिव्यांग प्रशिक्षण केन्द्र जशपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 1 से 5 एवं कक्षा 6 से 8 में प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। यह केंद्र मूक एवं श्रवण बाधित बच्चों के लिए संचालित है। इच्छुक माता-पिता व अभिभावक कार्यालयीन समय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ विद्यालयीन कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेज में आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, पिछली कक्षा की अंकसूची, पासपोर्ट साइज 2 फोटो लाना होगा।

### उत्कर्ष योजना की प्रवेश परीक्षा आगामी आदेश तक स्थगित

**अम्बिकापुर।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित की जाने वाली लिखित प्रवेश परीक्षा को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।
आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, नया रायपुर के निर्देशानुसार प्रशासनिक कारणों से यह निर्णय लिया गया है। पूर्व में यह परीक्षा 26 जुलाई को आयोजित की जानी थी। उन्होंने संबंधित विद्यार्थियों एवं उनके पालकों से अपील की है कि फिलहाल परीक्षा से संबंधित आवेदन जमा न करें। परीक्षा की नई तिथि एवं प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में शासन से निर्देश प्राप्त होने के उपरांत पृथक से सूचना जारी की जाएगी।

### प्रसव के बाद तबीयत बिगड़ने से गंभीर प्रसूता की गई जान

**अम्बिकापुर।** प्रसव के लगभग 15 दिन बाद अचानक तबियत बिगड़ने से गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। इससे पहले ही प्रसव के चार दिन बाद ही शिशु की मौत हो चुकी थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम खड़गवां अंतर्गत ग्राम जरौधा निवासी दुर्गावती यादव पति दुर्गा प्रसाद यादव (28 वर्ष) 13 मई को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमसीएच में भर्ती कराया। जहां ऑपरेशन कर डिलेवरी कराया। इस बीच 19 मई को शिशु की मौत हो गई। शिशु के मौत हो जाने के बाद चिकित्सकों ने 23 मई को प्रसूता को छुट्टी दे दी। परिजन प्रसूता को घर ले कर चले गए। पांच दिन बाद महिला पेट में दर्द होने की शिकायत की तो परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### डेम में डूबने से युवक की मौत, दो दिन बाद मिला शव

**डांड़गांव।** साथियों के साथ ग्राम पंचायत गुमगा स्थित डेम में स्नान करने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक के डेम में डूब जाने की जानकारी लगते ही गोताखोरों की टीम डेम में तलाश की लेकिन शव का पता नहीं चल सका। दूसरे दिन शव डेम के किनारे मिला। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी केअनुसार ग्राम पंचायत गुमगा में गेरुवा नाले में डेम बना हुआ है। जिसमें गर्मी के दिनों में गेट बंद कर देने के कारण डेम में लबा लब पानी भरा रहता है। गांव के ही पिंटू मझवार (23वर्ष) 28 मई को अपने तीन साथियों के साथ गांव में कुएं का साफ फ़साई करने के बाद दोपहर को स्नान करने डेम गया था। युवक तीन बार डेम में कूद कूद कर डुबकी लगाया और जैसे ही चौथी बार कूदा तो बाहर नहीं निकला। इधर उसके साथियों ने बहुत बचाने का प्रयास किया लेकिन नहीं बचा सके और युवक गहरे पानी में चला गया। घटना की जानकारी लगते ही गांव के लोगों ने एसडीआरएफ गोताखोरों की टीम को सूचना दी।

### अधिवक्ता संघ के सभागार का जीर्णोद्धार व नवीन तल निर्माण का भूमिपूजन

# अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को मिलेगा न्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला अधिवक्ता संघ के सभागार के जीर्णोद्धार एवं नवीन तल के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम शनिवार को न्यायालय परिसर में संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर विधायक रायमुनी भगत उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्थलगांव विधायक एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जशपुर नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत एवं पूर्व पर्यटन मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधान एवं जिला न्यायाधीश सत्येंद्र ⏭ शेष पेज 4 पर

- विधायक गोमती साय और रायमुनी भगत ने दी अतिरिक्त सौगात
- मुख्यमंत्री ने पूर्व में की थी 1 करोड़ की घोषणा



### अधिवक्ताओं ने दिया अमूल्य योगदान

कार्यक्रम के दौरान जशपुर के विकास और अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए दोनों महिला विधायकों ने दिल खोलकर घोषणाएं कीं। विधायक पत्थलगांव गोमती साय ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक समाज के निर्माण में अधिवक्ताओं के अमूल्य योगदान को याद किया। न्यायपालिका की गरिमा को सर्वोपरि बताते हुए उन्होंने अपने विधायक मद से 10 लाख रुपये देने की घोषणा की।

### अधिवक्ताओं की भूमिका अहम

इसी तारतम्य में विधायक जशपुर रायमुनी भगत ने कहा कि जशपुर के दूरस्थ अंचलों में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में वकीलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अधिवक्ताओं की बैठक व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए उन्होंने भी अपने मद से 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जशपुर के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है, और इसमें हमारे अधिवक्ताओं की भूमिका सबसे अहम है।

### इनकी रही उपस्थिति


इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए जिले के कई वरिष्ठ और युवा अधिवक्ता मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से नवल पाठक, अजय गुप्ता, कमल सिंह, बीआर शर्मा, एमएस आलम, जीवन तिर्की, श्रीमती शुभा मिश्रा, श्रीमती सगीरा बानो, सत्येंद्र जोलहे, अभिषेक गुप्ता, संदीप पाठक, सचेंद्र सिंह, गोपाल रवानी, देवधन नायक, दीपक चौहान समेत जिला अधिवक्ता संघ के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

## जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 14 में पानी के लिए हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 के निवासियों को पे जल की समस्या निरंतर बनी हुई है, नगर पालिका द्वारा लगातार जल आपूर्ति नहीं की जा रही है आज भी जल आपूर्ति नहीं की गई है।

गर्मी के मौसम में नगर पालिका द्वारा जल आपूर्ति नहीं किए जाने से लोग सुबह से ही पानी के लिए परेशान हो रहे।स्थानीय रहवासियों का कहना है कि नगर पालिका का यह वार्ड हमेशा से पेयजल के लिए परेशान रहा है। इस संबंध में पता करने पर जानकारी मिली कि मुख्य जल आपूर्ति पाइप कहीं से फट गया है । किंतु सुबह से समाचार लिखे जाने तक नगर पालिका द्वारा इसके मरम्मत का कार्य मे दिलचस्पी नहीं नहीं दिखाई गई है। इस वार्ड में जल आपूर्ति की समस्या हमेशा बनी रहती है कभी मोटर खराब तो कभी लो वोल्टेज, तो कभी पानी का लिकेज हाल तो यह है कि इस वार्ड में जल आपूर्ति का कोई सही निर्धारित समय भी नहीं है । जल आपूर्ति में कुछ समस्या आ जाने से 2-4 दिन समस्या समाधान में नगर पालिका द्वारा लगा ही दिए जाते है।



- वार्ड नंबर 14 में नगर पालिका द्वारा सुबह से जल आपूर्ति नहीं

## गेंदबिहारी ने सीएम साय से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-1 के जिला पंचायत सदस्य एवं कृषि सभापति गेंदबिहारी सिंह रायपुर मुख्यमंत्री आवास में सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात की। डीडीसी ने क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की।

गेंद बिहारी सिंह ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम से भी सौजन्य भेंट कर विस्तृत चर्चा की। मुलाकात के दौरान डीडीसी गेंदबिहारी सिंह ने क्षेत्र को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु विभिन्न विकास योजनाओं पर ध्यान आकृष्ट कराया। विशेष रूप से सड़क एवं पुल निर्माण द्वारा बेहतर कनेक्टिविटी, डेयरी विकास को बढ़ावा देने के लिए चिलिंग पॉइंट की स्थापना, स्थानीय रोजगार सृजन तथा क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाओं के विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता से रखा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी समस्याओं एवं मांगों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के सुनकर उनके निराकरण एवं पूर्ण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुशासन की सरकार है। जशपुर समेत समस्त वनांचल क्षेत्रों के समग्र विकास, आधारभूत संरचनाओं के विस्तार तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सोसल मीडिया प्रभारी अशोक कुमार यादव एवं भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष जयशंकर यादव भी उपस्थित रहे। डीडीसी गेंद बिहारी सिंह ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम से भी मिलकर क्षेत्र की जनता के हितों एवं विकास पर गहन चर्चा की।क्षेत्र की जनता के प्रति समर्पित डीडीसी गेंद बिहारी सिंह जैसे युवा नेतृत्व के इस सार्थक प्रयास से निश्चित ही क्षेत्र के विकास को नई दिशा और गति प्राप्त होगी।




## पुलिस के जन जागरूकता अभियान ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जशपुर पुलिस द्वारा लगातार नवाचारपूर्ण अभियान चलाए जा रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया के माध्यम से "हेलमेट पहनिए, इनाम जीतिए" थीम पर रील मेकिंग एवं सेल्फी प्रतियोगिता शुरू कर युवाओं को सड़क सुरक्षा से जोड़ने के बाद अब पुलिस ने नागरिकों से "सड़क सुरक्षा के 7 वचन" दिलाने का अभियान प्रारंभ किया है।

- सड़क सुरक्षा के 7 वचन दिलाकर नागरिकों को बना रही सुरक्षा का भागीदार

जशपुर पुलिस द्वारा कुछ दिनों पूर्व इंस्टाग्राम और फेसबुक पर सड़क सुरक्षा संबंधी आकर्षक पोस्टर जारी कर रील एवं सेल्फी प्रतियोगिता की शुरुआत की गई थी। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को हेलमेट के उपयोग, सुरक्षित वाहन संचालन और यातायात नियमों के पालन के प्रति प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के लिए नकद पुरस्कार, हेलमेट और पेट्रोल जैसी आकर्षक सौगातें भी घोषित की गई हैं। सड़क सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ाते हुए अब जिले भर में नागरिकों को "सड़क सुरक्षा के 7 वचन" दिलाए जा रहे हैं। इस शपथ के माध्यम से लोगों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने, मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन संचालन से बचने तथा यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प दिलाया जा रहा है। साथ ही नागरिकों को अपने परिवार, मित्रों एवं परिचितों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।




### लाना है सकारात्मक बदलाव

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में तेज गति, लापरवाही, मोबाइल का उपयोग और सुरक्षा उपकरणों की अनदेखी शामिल है। ऐसे में जनसहभागिता के माध्यम से लोगों के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। सोशल मीडिया प्रतियोगिता और शपथ अभियान के जरिए सड़क सुरक्षा के संदेश को हर वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### लक्ष्य को करें साकार

जशपुर पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि सड़क सुरक्षा को केवल कानूनी नियम न समझें, बल्कि इसे स्वयं और अपने परिवार के जीवन की सुरक्षा से जोड़कर देखें। पुलिस को विश्वास है कि जनसहयोग और जागरूकता के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है तथा "सुरक्षित जशपुर, समृद्ध जशपुर" के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है।

## टेम्पू शिविर में स्वच्छता व जल संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जनपद पंचायत मनोरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत टेम्पू में शनिवार को सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुरजूला, रजला, खुटापानी, घाघरा, करदना, टेम्पू, मुटू, पोड़ीपटकोना, चड़यि, सोगड़ा, मनोरा, खोगा एवं डुमरटोली सहित 13 गांवों के ग्रामीणों ने सहभागिता की।

सुशासन शिविर के दौरान ग्रामीणों को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर स्थल पर सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही स्वच्छता श्रमदान के माध्यम से स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए 5 प्रतिशत मॉडल के माध्यम से ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन एवं भू-जल संरक्षण के उपायों की जानकारी दी गई। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में संभावित जल संकट से बचने के लिए भूमिगत जल स्त्रोतों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए अभी से जन-जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता जरूरी है। इस अवसर पर विकासखंड मनोरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एसडीओ, सरपंच, सचिव, स्वच्छाग्रही, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जन एवं जनपद के कर्मचारी उपस्थित रहे।





### बोकी शिविर में सैकड़ों ग्रामीण हुए लाभान्वित

जशपुर विकास खंड के समीपस्थ ग्राम पंचायत बोकी, बरटोली में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने हितग्राहियों को सामग्री वितरित किए। इस अवसर पर जशपुर एसडीएम श्री विश्वास राव मस्के और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। शिविर में लगभग 200 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें यथासंभव आवेदनों का निराकरण तत्काल सभा स्थल पर ही कर लिया गया। शिविर में तारकेश्वर सिंह, कमला देवी व कैलाश राम को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत खुशियों की चाबी मिली।

## जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक भगत ने किया मोदी का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजाति समागम कार्यक्रम के बाद देश भर के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों से से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान छत्तीसगढ़ जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत ने उनका पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जनजातियों के प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारियों के साथ बारिकी से सुखदुख की बातचीत की। छत्तीसगढ़ जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से छत्तीसगढ़ के दूरस्थ इलाकों में डबल इंजन की सरकार से जनजाति वर्ग के विकास कार्यों से गरीबों के जीवन में तेजी से बदलाव का उल्लेख किया। श्री मोदी ने लगभग पौन घंटे तक देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों से विस्तार पूर्वक उनके सुझाव सुने और जनजाति वर्ग के लिए भलाई के कार्य करते रहने पर जोर दिया। श्री मोदी ने कहा कि लालकिले पर जनजाति समागम का इतना बड़ा आयोजन दिल्ली में आज तक नहीं हुआ था। उन्होंने इस आयोजन के लिए जनजाति सुरक्षा मंच और कल्याण आश्रम को बधाई देते हुए कहा कि आप लोग जनजाति वर्ग के विकास के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। भलाई के कार्यों को निरंतर जारी रखिए।



### हिंदू केसरी पुरस्कार से सम्मानित हुए प्रबल प्रताप

# सनातन धर्म एवं राष्ट्र की सेवा सर्वोपरि: जूदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में स्वतंत्रता वीर सावरकर जयंती के अवसर पर आयोजित गरिमामयी समारोह में माय होम इंडिया संगठन द्वारा समाजसेवा, सनातन संस्कृति संरक्षण एवं सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु प्रबल प्रताप सिंह जूदेव को "हिंदू केसरी सेवा, सुरक्षा एवं समरसता पुरस्कार" से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी, प्रखर राष्ट्रवादी संत स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती, महाराष्ट्र सरकार के मंत्री जयकुमार रावल , पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता सत्यनारायण जटिया एवं माय होम इंडिया के संस्थापक सुनील देवधर जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



### घर वापसी के रूप में दे रहे सेवा

गौरतलब है कि स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव द्वारा प्रारंभ किए गए ऐतिहासिक "घर वापसी अभियान"को प्रबल प्रताप सिंह जूदेव निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। अब तक हजारों धर्मांतरित हिंदू भाइयों की वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधिविधान से घर वापसी कराकर उन्हें पुनः सनातन संस्कृति से जोड़ने का कार्य किया जा चुका है उल्लेखनीय है कि यह प्रतिष्ठित "हिंदू केसरी" सम्मान इससे पूर्व सुदर्शन न्यूज़ के प्रधान संपादक सुरेश चव्हाणके जी को भी प्रदान किया जा चुका है।

### चलता रहेगा अभियान

इस अवसर पर प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए अत्यंत सौभाग्य एवं प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि पिताजी स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव ने अपना सम्पूर्ण जीवन सनातन संस्कृति, राष्ट्रसेवा एवं सामाजिक समरसता के लिए समर्पित किया। उन्हीं के आदर्शों एवं आशीर्वाद से वे निरंतर इस अभियान को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें नवीन ऊर्जा एवं निरंतर समाजहित और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करता है। सनातन संस्कृति की रक्षा, सेवा, सुरक्षा एवं समरसता का यह अभियान भविष्य में भी पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निरंतर चलता रहेगा।

## दस्तावेजों में कूटरचना कर छग का निवास प्रमाण पत्र बनाने वाला गिरोह पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिले में पुलिस ने फर्जी दस्तावेजो के आधर पर सीआरपीएफ व अन्य शासकीय सेवाओं में भर्ती होने वाले गिरोह का पर्दा फाश करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों द्वारा दूसरों के दस्तावेजों में कूटरचना कर अपना निवास प्रमाण पत्र के साथ ही अन्य दस्तावेज तैयार किया गया। पुलिस ने एमपी के साथ ही डोंगरगढ़ क्षेत्र के आरोपियों को पकड़ा है।

बता दें कि तहसीलदार बलरामपुर द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि जगदलपुर करनपुर सीआरपीएफ कोबरा बटालियन में पदस्थ सुमित आ. अचल सिंह द्वारा तहसील कार्यालय बलरामपुर से ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से विशाल सोनी आ. स्व. सुरेश सोनी के शैक्षणिक दस्तावेजों तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों में कुटरचना अपने नाम का स्थानीय निवास प्रमाण पत्र तैयार किया था इसी प्रमाण पत्र के आधार पर वह नौकरी कर रहा था। जांच में यह बात सामने आई कि आरोपी राजस्थान के धौलपुर का रहने वाला है। पुलिस ने अचल सिंह व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(2), 319(2), 336(3), 338, 340(2), 61(2)( ए) एवं 66(सी), 66(डी) आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया था। जांच में पुष्टि हुई कि राजस्थान धौलपुर के रुंध निवासी सुमित सिंह ने छग राज्य के कोटे का अवैध लाभ लेकर वर्ष 2023 में सीआरपीएफ में एसएससी के माध्यम से भर्ती हुआ था।

## खबर संक्षेप



### बिना पिट पास गिट्टी परिवहन करते 2 हाइवा जब्त


अम्बिकापुर। खनिज विभाग की टीम ने विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान बिना पिट पास के गिट्टी परिवहन करते दो हाइवा को जब्त किया है। जब्त हाइवा को धौरपुर पुलिस के सुपुर्द किया गया है। शुक्रवार को खनिज विभाग की टीम विकासखण्ड लुण्ड्रा के निरीक्षण पर निकली थी। टीम ने भ्रमण के दौरान चंगोरी कर्रा, बरगीडीह, सहनपुर, महेशपुर आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर अवैध खनिज परिवहन का जायजा लिया। टीम ने खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की जांच की। जांच के दौरान हाइवा क्रमांक सीजी 15 ईएफ 5258 एवं सीजी 15 ईएच 7708 के चालक संपत कुमार एक्का एवं गंगा प्रसाद बिना पिटपास के अवैध गिट्टी परिवहन करते पाए गए। टीम ने दोनों हाइवा को जब्त कर धौरपुर पुलिस के सुपुर्द किया है। अधिकारियों ने बताया कि जब्त वाहनों के विरूद्ध खनिज अधिनियम 1957 की धारा 21(4) एमएमडीआर की धारा 21(5) एवं 23 के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की जाएगी।

### आईटीआई मैनपाट में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

अम्बिकापुर। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण नया रायपुर के अंतर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) मैनपाट में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 25 जून की रात्रि 11.59 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन रखी गई है तथा आवेदन केवल वेबसाइट के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। प्रवेश से संबंधित सभी दिशा-निर्देश एवं नियम वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका में दिए गए हैं। अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पूर्व विवरणिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने कहा गया है, ताकि आवेदन में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मैनपाट के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते हैं।

### शिक्षक वेद प्रकाश केसरी को केसरवानी समाज ने दी श्रद्धांजलि

रामानुजगंज। नगर के वार्ड क्रमांक 8 निवासी केसरवानी वैश्य सभा के नगर अध्यक्ष एवं शिक्षक स्व.वेद प्रकाश केसरी के आकस्मिक निधन पर केसरवानी समाज द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम समाज के सचिव सत्य प्रकाश केसरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित समाज के लोगों ने स्वर्गीय वेद प्रकाश केसरी के व्यक्तित्व एवं उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें समाज का प्रेरणास्रोत बताया। समाज के कोषाध्यक्ष संतोष केसरी ने कहा कि वेद प्रकाश केसरी ने एक आदर्श शिक्षक के रूप में समाज में अपनी अलग पहचान बनाई थी। नगर अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने समाज को संगठित करने एवं सामाजिक गतिविधियों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सांस्कृतिक सचिव रुपेश केसरी ने कहा कि उनके नेतृत्व में समाज द्वारा कई बड़े आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न कराए गए। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय वेद प्रकाश केसरी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से समाज निरंतर सक्रिय रहा तथा उनका आकस्मिक निधन पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। संगठन मंत्री देवेंद्र केसरी ने कहा कि विगत कुछ वर्षों से समाज निरंतर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा था, जिसमें स्व. वेद प्रकाश केसरी का अहम योगदान रहा। उनके नेतृत्व में प्रत्येक माह समाज की बैठक एवं विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का नियमित संचालन होता था। संजय केसरी ने भी उनके निधन को समाज एवं व्यक्तिगत रूप से बड़ी क्षति बताया। इस दौरान मुकेश केसरी, आलोक केसरी, जितेश केसरी, नयन, जयप्रकाश सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

## दिन एवं रात के तापमान में 4-4 डिग्री की गिरावट

# विक्षोभ के प्रभाव से बदला मौसम गरज-चमक के साथ तड़के बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भीषण गर्मी के बीच शुक्रवार को सुबह अचानक मौसम बदला एवं गरज-चमक के साथ अच्छी वर्षा हुई। वर्षा का प्रभाव शहर सहित पूरे जिलेभर में होने के कारण भीषण गर्मी से राहत मिल गई है। मौसम विज्ञानी पछुआ विक्षोभ सहित विभिन्न मौसमी घटकों के प्रभावी होने के कारण आगे भी मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी रहने एवं तेज रफ्तार अंधड़ एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

**खास बात**

- गर्म हवाओं से मिली राहत, आगामी दिनों में भी आंधी के साथ होगी वर्षा

मध्य मई के बाद से लगातार भीषण गर्मी पड़ रही है। लगातार गर्म हवा के थपेड़े चलने के कारण 25 मई को अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। हालांकि दूसरे दिन से ही तापमान में आंशिक गिरावट होने का क्रम शुरू हो गया था तथा पिछले 3-4 दिनों से दिन का तापमान 41-42 डिग्री के मध्य रहा था। गुरूवार को दोपहर में आसमान पर कुछ देर घने बादल छाए रहे तथा तेज रफ्तार हवाएं भी चली जिससे तापमान में आंशिक गिरावट दर्ज की गई लेकिन गर्म हवाएं देर तक चलने के कारण तापमान में गिरावट होने के बावजूद गर्मी से राहत नहीं थी। रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही थी। सोमवार तड़के आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में अच्छी वर्षा हुई। मौसम कार्यालय द्वारा 10.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। शुक्रवार को हुई बारिश से गर्म हवाओं से राहत मिल गई है। हालांकि बारिश होने के बाद आसमान तुरंत साफ हो गया साथ ही पूरे दिन चिलचिलाती धूप भी निकली। मौसम विज्ञानी पछुआ विक्षोभ सहित अन्य मौसमी घटकों के प्रभावी होने के कारण आगामी दिनों में भी अपराह्न में कहीं-कहीं 50 से 60 किमी की रफ्तार से आंधी चलने एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। बारिश होने से दिन एवं रात के तापमान में 4-4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। गुरूवार को अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था जो शुक्रवार को गिरकर 26.0 एवं न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री से गिरकर 21.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। हालांकि धूप निकलने के बाद पारा 40 डिग्री के निकट पहुंचने की संभावना है लेकिन फिलहाल गर्म हवाओं से राहत रहने की संभावना जताई जा रही है।



बारिश के दौरैन सूनसान सड़क।

### खाड़ी से लगातार पहुंच रही नमी

मौसम विज्ञानी के अनुसार मानसून की दस्तक के पूर्व हर साल उत्तर भारत में पछुआ विक्षोभ सक्रिय होने के साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों में चक्रवाती परिसंचरण प्रभावी होते हैं जिसे प्री मानसून की गतिविधियां मानी जाती है। वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में समुद्र तल से 5.6 किमी की ऊंचाई पर पछुआ विक्षोभ सक्रिय है वही उत्तरी उड़ीसा के मध्य आसमान में तमिलनाडु से बंगाल की खाड़ी तक चक्रवाती परिसंचरण प्रभावी है। देश के अन्य हिस्सों में चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय हैं जिसके प्रभाव से लगातार खाड़ी से नमी पहुंच रही है। जगह-जगह मौसमी घटकों के प्रभावी होने के कारण मौसम विज्ञानी जून के शुरूआती दिनों में कहीं-कहीं आंधी के साथ बारिश होने एवं ओले गिरने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण उमस बढ़ गई है। गुरूवार को शाम वातावरण में नमी की मात्रा 43 फीसदी थी जो शुक्रवार को सुबह बढ़कर 95 फीसदी एवं धूप निकलने के बाद शाम को 43 फीसदी पहुंच गई है। वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण आगे भी लोगों को उमस का सामना करना पड़ेगा।

### मानसून की गति पड़ी धीमी

बंगाल की खाड़ी में लो-प्रेशर बनने के बाद दक्षिण पश्चिम मानसून ने गति पकड़ ली थी। मौसम विज्ञानी इस बार मानसून के समय पूर्व केरल तट पर दस्तक देने का अनुमान लगा रहे थे। फिलहाल मानसून हिंद महासागर में केरल के मुहाने पर है तथा एक-दो दिन में उसके अग्रसर होने की अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में मानसून के केरल दस्तक देने में कुछ विलंब होने की संभावना जताई जा रही है।

### जारी रहेगा उतार-चढ़ाव

उत्तर भारत में विक्षोभ के प्रभावी होने के साथ ही देश के अलग-अलग हिस्सों में चक्रवाती परिसंचरण की सक्रियता से खाड़ी से लगातार नमी पहुंच रही है। एक साथ कई सिस्टम बनने से आगे भी मौसम में उतार-चढ़ाव रहने एवं अंधड़ के साथ कहीं-कहीं ओले गिरने एवं बौछारें पड़ने की संभावना है।

-अक्षय मोहन भट्ट, मौसम विज्ञानी



## मौसम ने ली करवट, जमकर हुई बारिश, भीषण गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज. रामानुजगंज

जिले में शुक्रवार सुबह अचानक मौसम ने करवट ले ली। सुबह करीब 7 बजे आसमान में घने बादल छा गए और तेज गरज-चमक के साथ जमकर बारिश शुरू हो गई। लगातार हो रही बारिश और मौसम में आई ठंडक से लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली। सुबह का मौसम पूरी तरह बदला हुआ नजर आया और वातावरण सुहावना हो गया।

बीते कई दिनों से जिले में तेज धूप और भीषण गर्मी का असर देखा जा रहा था। गुरुवार तक जिले का तापमान करीब 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। वहीं शुक्रवार को मौसम बदलने के बाद अधिकतम तापमान करीब 36 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई जा रही है। न्यूनतम तापमान लगभग 23 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। यानी एक ही दिन में तापमान में करीब 8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। सुबह से हो रही तेज बारिश के कारण लोगों ने राहत की सांस ली। जहां आम दिनों में सुबह होते ही तेज धूप निकल जाती थी, वहीं शुक्रवार को आसमान पूरी तरह बादलों से ढका रहा और सुबह के समय हल्का अंधेरा छाया रहा। मौसम में आए इस बदलाव से धरती की तपिश कम हुई और लोगों को गर्मी से राहत महसूस हुई। किसानों समेत लोगों ने भी बारिश का स्वागत किया। मौसम विभाग के अनुसार जिले में अगले कुछ घंटों तक बादल छाए रहने और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना बनी हुई है।

### सड़क किनारे मिला 300 पैकेट राशन का खराब चना

रामानुजगंज/रामचंद्रपुर। विकासखण्ड रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कालिकापुर में रामानुजगंज सनावल मार्ग में नीलकंठपुर के निकट सड़क किनारे राशन के चना के 300 पैकेट लावारिस हालत में मिले हैं। चना सड़ गया है तथा पैकेट से दुर्गंध निकल रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि समय पर चने का वितरण नहीं किए जाने के कारण चना रखे-रखे खराब हो गया होगा जिसे किसी राशन दुकान संचालक ने सड़क किनारे फेंक दिया होगा। राशन का चना किसने फेंका है अभी तक इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। ग्रामीणों की सूचना पर शुक्रवार को जिला खाद्य अधिकारी श्रीमती छवि पैकरा घटनास्थल पर पहुंची एवं लावारिस पड़े चने का जायजा ली। उन्होंने ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया तथा खराब चने की जब्ती कर ग्राम पंचायत कालिकापुर के रोजगार सहायक के सुपुर्द किया है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि राशन का चना किसने फेंका है इसकी जांच कराई जाएगी तथा संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



## हरिद्वार में नगर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

हरिद्वार में आयोजित 8वीं आईएसएफ नेशनल कराटे चैंपियनशिप में रामानुजगंज के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में देश के 14 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। मार्शल आर्ट कराटे ट्रेनिंग सेंटर के मुख्य प्रशिक्षक शिहान तरुण शर्मा ने बताया कि खिलाड़ियों ने अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में राधा रानी शर्मा ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं महिमा सिंह सिदार, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा एवं कुमारी मुस्कान ने सिल्वर मेडल जीता। अंश कुमार एवं कुमारी आराध्या ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। खिलाड़ियों के नगर आगमन पर नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सम्मान समारोह में पार्षद विजय रावत, पूर्व पार्षद प्रमोद कश्यप, विपुल सिंह, ओम प्रकाश एवं ललन पासवान सहित अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान महिमा सिंह सिदार एवं कृष्ण कुमार विश्वकर्मा को द्रोण रत्न बेस्ट प्लेयर अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। रमन अग्रवाल ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि छोटे शहरों के खिलाड़ी भी मेहनत और अनुशासन के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं।

- 8वीं आईएसएफ नेशनल कराटे चैंपियनशिप में जीते कई पदक



## आंधी ने मचाई तबाही जगह-जगह उखड़े पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

गुरूवार को अपराह्न आधे घंटे तक चली तेज रफ्तार आंधी ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई है। आंधी से जगह-जगह पेड़ उखड़ गए हैं वहीं पेड़ों की डालें घरों व विद्युत तार पर गिर गई हैं। आंधी से कई घरों के छप्पर उड़ गए हैं वहीं विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

- गांवों में विद्युत आपूर्ति ठप

गुरूवार को चिलचिलाती धूप के बीच अपराह्न 3 बजे अचानक मौसम बदला एवं तेज रफ्तार आंधी चलने लगी जिससे जगह-जगह पेड़ उखड़ गए एवं विद्युत पोल व विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। आंधी से ग्राम अमड़ी, कर्रा एवं बबौली में भारी क्षति हुई है। कुछ देर तक राहत देने के बाद दोबारा तेज रफ्तार आंधी चली जिससे क्षेत्र में काफी क्षति हुई है। जगह-जगह विद्युत पोल उखड़ने एवं विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पूरे इलाके की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। देर शाम विद्युत कर्मियों ने घंटों मशक्कत के बाद विकासखण्ड मुख्यालय धौरपुर की विद्युत आपूर्ति सुचारू की जबकि क्षेत्र के दर्जनों गांवों में अंधेरा छाया है।

## न्यायालय ने 17 हत्या के मामलों में 29 अभियुक्तों को सुनाई कठोर कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

न्यायालयों ने हाल ही में हत्या के कई आरोपियों को कठोर सजा सुनाई है। नए कानून भारतीय न्याय संहिता लागू होने के बाद पिछले 5 माह में दिसम्बर 2025 से अप्रैल 2026 के मध्य हत्या के 17 प्रकरणों में 29 अभियुक्तों को दोषी मानते हुए कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

न्यायालय के हालिया फैसलों में ग्राम पसला स्थित डेयरी फार्म में एक महिला की हत्या मामले में आरोपी को न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा और अर्थदण्ड से दंडित किया है। कालेज रोड़ नावापारा सूरजपुर एक मकान में एक महिला की हत्या मामले में आरोपी को न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष की कठोर कारावास की सजा और अर्थदण्ड से दंडित किया है। चौकी लटोरी के ग्राम द्वारिकापुर गाड़ा झरिया में एक महिला द्वारा अपने पति की धारदार हथियार से वार कर हत्या के मामले में आरोपी को न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा और अर्थदण्ड से दंडित किया है। थाना चांदनी के ग्राम विशालपुर में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति को 4 लोगों के द्वारा हथियार से वार कर हत्या मामले में 4 आरोपियों को न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा और अर्थदण्ड से दंडित किया है। थाना चांदनी के ग्राम अवन्तिकापुर में चाचा ने अपने भतीजे की हत्या कर दी थी। इस मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष की कठोर कारावास की सजा और अर्थदण्ड से दंडित किया है। थाना सूरजपुर के ग्राम परी गौटियापारा में एक लड़के को उसके पिता व भाई ने पेड़ में बांधकर मारपीट कर हत्या कर दी थी। इस मामले में न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए 10-10 वर्ष की कठोर कारावास की सजा और अर्थदण्ड से दंडित किया है। नए कानून लागू होने के बाद आपराधिक मामलों में चश्मदीद गवाहों के पलटने के बावजूद न्यायालय अन्य ठोस सबूतों के आधार पर आरोपी को दोषी मानकर सजा सुना रही है। अपराध विवेचना के दौरान संकलित किए गए गवाहों के कथनों, वैज्ञानिक और परिस्थितिजन्य साक्ष्य, मेडिकल व पीएम रिपोर्ट, तकनीकी साक्ष्य के आधार पर भी आरोपियों के विरूद्ध सजा तय की जा रही है। आधुनिक न्यायिक प्रणाली के अन्तर्गत समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए डिजिटल, फोरेंसिक और परिस्थितियों की कड़ियों को जोड़कर आरोप की पुष्टि होने के बाद भी न्याय सुनिश्चित कर रही है।



## गोपालपुर में लगा चलित थाना,ग्रामीणों को दी गई विधि सम्बन्धी जानकारी




बिश्रामपुर। ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और लोगों को पुलिस सेवाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत गोपालपुर में चलित थाना शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस विभाग की ओर से ग्रामीणों को सुरक्षा, आपातकालीन सहायता और त्वरित पुलिस सेवा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। शिविर में डायल 112 वाहन भी विशेष रूप से पहुंचा, जिसे देखकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान जयनगर थाना प्रभारी रूपेश कुंतल एक्का ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि डायल 112 केवल आपात स्थिति में पुलिस बुलाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आम जनता की सुरक्षा का सबसे तेज और भरोसेमंद साधन बन चुका है। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना, मारपीट, चोरी, सड़क हादसा, महिलाओं से संबंधित अपराध या अन्य आपात परिस्थितियों में तत्काल 112 नंबर पर कॉल कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। प्रधान आरक्षक दीपक दुबे ने ग्रामीणों को विस्तार से समझाया कि डायल 112 की सेवा चौबीसों घंटे सक्रिय रहती है और कॉल मिलते ही नजदीकी वाहन तत्काल मौके के लिए रवाना किया जाता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी घटना को छिपाने के बजाय तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। चलित थाना शिविर में ग्रामीणों ने भी खुलकर अपनी समस्याएं रखीं। कई लोगों ने गांव में होने वाली छोटी-मोटी विवाद की घटनाओं, सड़क सुरक्षा और युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति को लेकर चिंता जताई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं और युवाओं को साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड और मोबाइल के दुरुपयोग से बचने के तरीके भी बताए। ग्रामीणों को यह भी समझाया गया कि अनजान कॉल, फर्जी लिंक और लालच भरे मैसेज से सतर्क रहें।

### जंगल में बिछे मौत के तार का खतरा, तेंदूपत्ता तोड़ने जाने वाले ग्रामीणों की सुरक्षा पर भी उठे सवाल

# वन वाटिका में छह भैंसों की मौत, करंट की चपेट में आने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

रामानुजगंज वन परिक्षेत्र स्थित वन वाटिका में गुरुवार को दर्दनाक हादसे में छह भैंसों की मौत हो गई। प्रथम दृष्टया मामला करंट लगने का बताया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पशुपालक अकलू यादव के परिवार पर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जिन भैंसों के दूध से परिवार का भरण-पोषण होता था, वे सभी कुछ ही घंटों में तड़प-तड़प कर मौत के मुंह में समा गईं।

वार्ड क्रमांक 15 निवासी पशुपालक अकलू यादव ने बताया कि गुरुवार तड़के करीब 3 बजे वह अपनी छह भैंसों को रोज की तरह घर के समीप वन वाटिका क्षेत्र में चरने के लिए छोड़कर घर आ गया था। प्रतिदिन सुबह 9 से 10 बजे के बीच सभी भैंस वापस घर लौट आती थीं, लेकिन गुरुवार को जब काफी देर तक भैंस वापस नहीं आई तो उन्हें आशंका हुई। इसके बाद वह तलाश करते हुए वन वाटिका पहुंचा। अकलू यादव ने बताया कि वन वाटिका के भीतर नर्सरी से करीब 100 मीटर आगे पगडंडी पार करने पर एक-एक कर उनकी सभी छह भैंस मृत अवस्था में पड़ी मिलीं। सभी भैंस लगभग 10-10 मीटर की दूरी पर गिरी हुई थीं। मृत पशुओं के पैरों में गंभीर जलने के निशान थे। उन्होंने आशंका जताई कि यह निशान ठीक वैसे ही हैं जैसे



हाईटेंशन तार या बिजली के करंट की चपेट में आने पर बनते हैं। इधर घटना ने जंगल क्षेत्रों में बिछाए जाने वाले अवैध करंट तारों की भयावहता को एक बार फिर उजागर कर दिया है। इन दिनों रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण का सीजन चल रहा है। बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे जंगलों में तेंदूपत्ता तोड़ने जाते हैं। ऐसे में यदि जंगल में सूअर या अन्य वन्यजीवों के शिकार के लिए अवैध रूप से बिजली के तार बिछाए गए हैं, तो यह न सिर्फ पशुओं बल्कि इंसानों की जान के लिए भी बड़ा खतरा बन सकता है। ग्रामीणों ने मामले की गंभीर जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में रेंजर डॉ. दिलरुबा बानो ने बताया कि मामले में मुआवजा प्रकरण तैयार किया जाएगा। देर शाम होने के कारण गुरुवार को पोस्टमार्टम नहीं हो सका। शुक्रवार को पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा मृत भैंसों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग द्वारा घटना के कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है।



# आजकल बच्चों वाली फिल्में कम बनती हैं : जैकी

**मुंबई।** अभिनेता जैकी श्रॉफ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो - एलियंस का आगमन'को लेकर चर्चाओं में हैं। जैकी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। यह बच्चों के लिए बनी एक फन लविंग फिल्म है। इस बीच जैकी श्रॉफ ने कहा कि यह शैली उनके दिल के बेहद करीब है, क्योंकि यह मेनस्ट्रीम सिनेमा से गायब एक खास पहलू को छूती है। एक बातचीत के दौरान जैकी श्रॉफ ने फिल्म को लेकर कहा कि आजकल बच्चों की फिल्में बहुत कम बनती हैं और अगर कोई फिल्म बच्चों, उनके सपनों, उनकी मासूमियत के बारे में हो तो मुझे उसे पर्दे पर उतारना अच्छा लगता है। फिल्मों में हमें ये सब देखने को नहीं मिलता। मैं हर तरह की फिल्में करता हूं, लेकिन यह शैली मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि हम सभी के अंदर एक बच्चा छिपा होता है। बचपन में अथर्ववेद, आयुर्वेद, ऋग्वेद पढ़ने के बजाय, हम 'जैक एंड जिल वेंट अप द हिल', 'रिंग-ए-रिंग-ए-रोजेज' और 'अलादीन' पढ़ते थे। हम उन चीजों के बारे में नहीं सीख रहे हैं जो वास्तव में भारतीय हैं। मुझे लगता है कि ये वो चीजें हैं, जो हमने बचपन में खो दीं।

लाइफ Style



# कियारा 'किसी से हाय-हेलो मत करना'

एक्टर यश और कियारा आडवाणी जल्द ही फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स'में नजर आने वाली हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने इस फिल्म के अनुभव के बारे में खुलकर बात की। एक इंटरव्यू में कियारा ने बताया कि फिल्म की डायरेक्टर गीतू मोहनदास ने उनसे सेट पर एक खास बात के लिए कहा था। उन्होंने कहा, 'गीतू ने मुझसे कहा कि जब तुम कल सेट पर आओ, तो मैं चाहती हूं कि तुम अपने किरदार में ही रहो।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मैं आमतौर पर सेट पर जाते ही सबसे हाय, हेलो, गुड मॉर्निंग कहती हूं, मैं वैसी ही इंसान हूं। लेकिन, उन्होंने मुझसे साफ कहा कि मुझे कोई फॉर्मेलिटी नहीं चाहिए। मैं चाहती हूं कि तुम सीधे अपने किरदार के जोन में आओ। किसी से 'हाय-हेलो'मत करना, अपनी टीम से भी नहीं, बस पूरे दिन उसी जोन में रहना।' कियारा आडवाणी ने यह भी माना कि इस फिल्म पर काम करना उनके लिए काफी 'चैलेंजिंगरहा, क्योंकि उन्हें कन्नड़ भाषा में भी शूट करना पड़ा। उन्होंने कहा, 'कन्नड़ में काम करना मेरे लिए नया अनुभव था। मैं कहूंगी कि 'टॉक्सिक'मेरे लिए इसलिए भी मुश्किल रही क्योंकि पहली बार हमने एक ही सीन को अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों में शूट किया। पहले हम उस सीन को अंग्रेजी में करते थे, जब तक परफेक्ट टेक नहीं मिल जाता। उसके बाद उसी सीन को कन्नड़ में शूट करते थे।' कियारा ने आगे बताया, 'मेरे लिए कन्नड़ मेरी भाषा नहीं है, इसलिए मुझे अपने डायलॉग्स एक रात पहले ही रटने पड़ते थे।'बता दें कि केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के बैनर तले बनी फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स' में यश, नयनतारा, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म पहले 4 जून को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे एक बार फिर टाल दिया गया है। फिलहाल फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है।

## हॉलीवुड मसाला



# जॉन रैम्बो में मुख्य भूमिका निभाएंगे नोआ

**लॉस एंजिल्स।** सिल्वेस्टर स्टेलोन की मशहूर फिल्म रैम्बो सीरीज की अगली फिल्म जॉन रैम्बो जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। शुक्रवार को निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। इस फिल्म में सिल्वेस्टर स्टेलोन नहीं, बल्कि नोआ सेंटिनियो मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'जॉन रैम्बो' फिल्म 'रैम्बो' के शुरुआती दिनों की कहानी दिखाएगी, जो 1982 में आई इस सीरीज की पहली फिल्म 'फर्स्ट ब्लड' से भी पहले के समय पर आधारित है। 'जॉन रैम्बो' 4 जून, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में मुख्य भूमिका नोआ सेंटिनियो निभाएंगे। इस फिल्म में सिल्वेस्टर स्टेलोन की जगह अब नोआ सेंटिनियो मुख्य किरदार 'जॉनी रैम्बो' के रूप में नजर आएंगे। इस फिल्म में डेविड हार्बर 'मेजर ट्रॉटमैन' की भूमिका निभाएंगे। उनके साथ जेम्स फ्रैंको, जेसन टोबिन और क्विंसी यशायाह जैसे कई बाकी कलाकार भी अहम रोल में दिखेंगे।



# तलाक के बाद जेनिफर ने हटवाया बेन का टैटू

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर और एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज की एक फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। जिसके बाद से ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि उन्होंने अपने एक्स-हसबैंड बेन एफ्लेक के नाम वाला टैटू कवर कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेनिफर ने मेमोरियल डे के मौके पर अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'आज का दिन मैं अपने करीबियों के साथ बिता रही हूं। सभी को हैप्पी मेमोरियल डे।'इन तस्वीरों में से एक में वह अपने बेटे मैक्सिमिलियन 'मैक्स'मुनिज के साथ नजर आईं, जो उनके और उनके एक्स-हसबैंड मार्क एंथनी के बेटे हैं। इस फैमिली गैदरिंग के दौरान जेनिफर ने बैकलेस ड्रेस पहनी हुई थी, जिसमें उनका टैटू साफ दिखाई दे रहा था। पहले इस टैटू में एक इन्फिनिटी साइन था, जिसमें जेनिफर और बेन दोनों के नाम लिखे थे और उसके ऊपर एक एरो बना था। लेकिन, अब जो तस्वीर सामने आई है, उसमें जेनिफर नाम तो दिख रहा है, लेकिन बेन का नाम कवर किया हुआ नजर आ रहा है। जेनिफर ने यह टैटू फरवरी 2023 में वैलेंटाइन डे के मौके पर दिखाया था, जब वह और बेन एफ्लेक शादी के बाद अपना पहला वैलेंटाइन मना रहे थे। उस समय उन्होंने लिखा था, 'कमिटमेंट... हैप्पी वैलेंटाइंस डे माय लव।



# पिरामिड स्कीम का ट्रेलर रिलीज नए अंदाज में दिखे शेखर


**नई दिल्ली।** सीरीज 'द पिरामिड स्कीम' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। सीरीज के ट्रेलर में बिजनेस के जरिए अपने सपनों और कामयाबी हासिल करने की ख्वाहिश लिए कुछ किरदार नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में करोड़पति बनने के रास्ते में आने वाले उतार-चढ़ावों को मजाकिया अंदाज में दिखाया गया है। कभी न कभी नेटवर्क मार्केटिंग से सभी का सामना होता है। कोई मजबूरी में इस काम से जुड़ता है तो कोई इसकी चकाचौंध देख कर। ट्रेलर में एक लड़का दिखाया गया है, जो पिता से अपने बिजनेस के लिए पैसे मांग रहा है। मगर पिता दे नहीं रहे हैं। इस लड़के के अलावा सीरीज में एक बिजनेसमैन भी है, जो नेटवर्क मार्केटिंग के बिजनेस के सपने लोगों को दिखाता है। अभिनेता शेखर सुमन को आखिरी बार सीरीज 'हीरामंडी' में देखा गया था। इसके बाद अब वो 'द पिरामिड स्कीम' सीरीज में दिखाई देंगे।



# अली स्टारर राख की रिलीज डेट आई सामने

**मुंबई।** अली फजल और सोनाली बेंद्रे स्टारर आगामी इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर सीरीज 'राख'की रिलीज डेट अब सामने आ गई है। मेकर्स की ओर से सोशल मीडिया पर सीरीज से अली फजल का एक पोस्टर साझा किया गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने रिलीज डेट भी घोषित कर दी है। पोस्टर में अली फजल पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे हैं। उनके सामने एक लाश जैसी पड़ी मालूम हो रही। अली काफी इंटेंस और परेशान नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, 'दबे हुए सच हमेशा अपना रास्ता खोज ही लेते हैं।' राख 12 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। राख एक इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा सीरीज है, जो अपराधी की मानसिकता और आम जिंदगी के पीछे छिपे डार्कनेस को दिखाती है। जब दो लड़के अचानक गायब हो जाते हैं, तो एक खुशहाल परिवार टूट जाता है और पूरा शहर दहशत में आ जाता है।

## टीवी मसाला



# अगर आप कोई स्टार नहीं हैं तो कोई भी आपको कुछ नहीं समझता

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस और इंटरनेट पर्सनैलिटी उर्फी जावेद अक्सर अजीब ड्रेस पहनने को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपने मुश्किल सफर के बारे में बात की है। उन्होंने यह भी बताया कि सोशल मीडिया से उनकी जिंदगी बदलने से पहले, उनके टेलीविजन के दिन कितने मुश्किल थे। सोहा अली खान के पॉडकास्ट पर बातचीत के दौरान, उर्फी ने बताया मुश्किलों का सामना करने के बावजूद, उन्होंने हमेशा एक स्टार बनने और मुंबई में एक आरामदायक जिंदगी जीने का सपना देखा था। उन्होंने बताया कि वह अपने जालिम पिता से बचने के लिए घर से भाग गई थीं। उर्फी ने बताया कि शुरुआत में उन्होंने बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स के लिए ऑडिशन देने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही उन्हें एहसास हो गया कि इंडस्ट्री में बिना किसी जान-पहचान के मौके मिलना बहुत मुश्किल है। इसके बाद उन्होंने यह सोचकर टेलीविजन का रुख किया, कि वहां काम मिलना शायद आसान होगा। हालांकि ऐसा नहीं था। टीवी में उन्हें अक्सर साइड रोल ही मिले। टेलीविजन इंडस्ट्री में अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए उर्फी ने कहा, 'अगर आप कोई स्टार नहीं हैं या लीड रोल में नहीं हैं, तो कोई भी आपको कुछ नहीं समझता। अगर आप कोई साइड कैरेक्टर हैं, तो आपके साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया जाता।'

# अर्चना ने समीरा के बगीचे से तोड़े काजू

**नई दिल्ली।** समीरा रेड्डी उन फिल्मी सितारों में से एक हैं जो मुंबई की चकाचौंध से दूर गोवा में सुकून भरी जिंदगी जीने में यकीन करती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अर्चना पूरन सिंह अपने परिवार के साथ समीरा रेड्डी के घर घूमने पहुंचीं। इस दौरान अर्चना ने पहली बार अपने हाथ से काजू तोड़े जिसे संभालकर रखने की बात करती दिखीं। अर्चना पूरन सिंह ने समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में अर्चना समीरा के गार्डन से ऑर्गैनिक रियल काजू तोड़कर बेहद खुश नजर आ रही हैं। वो कह रही हैं कि ये काजू वो हमेशा अपने साथ एक याद के तौर पर रखेंगी। वीडियो में अर्चना अपने परिवार के साथ समीरा के गार्डन में दिख रही हैं। शेयर किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि अर्चना पूरन सिंह पूरे परिवार के साथ समीरा के बगीचे में काजू का फल तोड़ती हैं जबकि समीरा उन्हें इस मजेदार अनुभव के बारे में बताती हैं। वहीं, अर्चना कहती हैं कि इसे वो खास याद के तौर पर रखेंगी। उसी बीच अर्चना के पति परमीत सेठी याद दिलाते हैं कि भारती सिंह के बेटे का नाम भी काजू है। इस वीडियो में अर्चना और परमीत के बेटे आर्यमन सेठी और आयुष्मान सेठी भी नेचर का लुत्फ उठाते दिखाई दे रहे हैं।



# सलमान ने खास दोस्तों को दिखाई मातृभूमि की झलक



**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में सलमान ने अपनी फिल्म 'मातृभूमि' का रफ कट वर्जन कई निर्देशकों को एक साथ दिखाया। जिसकी एक खास झलक सुभाष घई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। मशहूर फिल्ममेकर सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर इस शाम की एक तस्वीर शेयर की है। इस फोटो में सलमान खान के साथ सूरज बड़जात्या, डेविड धवन, कबीर खान, रूमी जाफरी, रितेश देशमुख, चित्रांगदा सिंह, सिद्धार्थ रॉय कपूर और अपूर्व लाखिया जैसे कई बड़े सितारे नजर आ रहे हैं। तस्वीर में सलमान खान काले कपड़ों में और चित्रांगदा सिंह सफेद कपड़ों में बेहद सुंदर लग रही थीं। फोटो शेयर करते हुए सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आज अपने पसंदीदा निर्देशकों को एक साथ देखना बहुत अच्छा लगा। हम सब अपूर्व लाखिया की फिल्म 'मातृभूमि' को देखने आए थे। इस फिल्म में सलमान खान और चित्रांगदा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म गलवां सीमा पर भारत और चीन के सैनिकों की एक भावुक कहानी पर आधारित है, जो दोनों देशों के सैनिकों की अपने परिवार और देश के प्रति भावनाओं को दिखाती है। फिल्म का मुख्य संदेश शांति और सम्मान है।' इसी के साथ सुभाष ने सलमान का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, 'सलमान, हमें बुलाने के लिए शुक्रिया। हम फिल्म की बड़ी सफलता की कामना करते हैं।' सलमान खान का इस स्क्रीनिंग में आए सभी निर्देशकों के साथ बहुत पुराना और गहरा रिश्ता है।

# जून में रिलीज होंगीं ये हिंदी फिल्में

**नई दिल्ली।** जून का महीना सिनेमा लवर्स के लिए खास रहने वाला है। ओटीटी पर शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। इसके अलावा, सिनेमाघरों में भी कुछ बेहतरीन फिल्में रिलीज हो रही हैं। जून के महीने में हिंदी, इंग्लिश और भारत की क्षेत्रीय भाषाओं को मिलाकर 20 से ज्यादा फिल्में सिनेमाघरों में जून में रिलीज होंगी। हम आपको उन फिल्मों के नाम बता रहे हैं जो हिंदी भाषा में रिलीज होंगीं। 10 हिंदी फिल्में जून के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही हैं।

**पेड्डी :** ये एक तेलुगु भाषा की फिल्म है जिसे हिंदी भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म में राम चरण, जाह्नवी कपूर, विजय सेतुपति, दिव्येन्दु और शिव राजकुमार जैसे कलाकार नजर आनेवाले हैं। फिल्म को बुची बाबू सना ने डायरेक्ट किया है। जॉनरः स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा, रिलीज डेटः 4 जून।

## 12 जून को 4 फिल्मों का होगा क्लैश



**गवर्नर :** इस फिल्म में मनोज बाजपेयी, अदा शर्मा और मधु शाह जैसे कलाकार नजर आएंगे। फिल्म को चिनमय मंडलेकर ने डायरेक्ट किया है। जॉनरः पीरियोडिक थ्रिलर, रिलीज डेटः 12 जून।

**मैं वापस आउंगा :** फिल्म को इम्तियाज अली ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, शारवरी वाघ, नसीरुद्दीन शाह और वेदांग रैना जैसे कलाकार नजर आएंगे। जॉनरः रोमांटिक ड्रामा, रिलीज डेटः 12 जून।

भारत भाग्य विधाता। कंगना रनौत और गिरिजा ओक जैसे कलाकार इस फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म को मनोज तापड़िया ने डायरेक्ट किया है। ये फिल्म सच्ची कहानी पर आधारित फिल्म होगी। जॉनरः ड्रामा थ्रिलर, रिलीज डेटः 12 जून।

**है जवानी तो इश्क होना है :** वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े की इस फिल्म को डेविड धवन ने डायरेक्ट किया है। वरुण धवन ने फिल्म में जस का किरदार निभाया है। इस फिल्म में सलमान खान के चुनरी-चुनरी गाने का

**बंदर :** इस डार्क क्राइम थ्रिलर को अनुराग कश्यप ने डायरेक्ट किया है। बॉबी देओल इस फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। बॉबी देओल के साथ फिल्म में सान्या मल्होत्रा और सबा आजाद जैसे कलाकार नजर आएंगे। **जॉनरः** डार्क क्राइम थ्रिलर, रिलीज डेटः 5 जून।

**हॉंटेड थ्रीडीः** ईकोज ऑफ द पास्ट : विक्रम भट्ट ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। ये फिल्म साल 2011 में आई फिल्म हॉंटेड थ्रीडी का सीक्वल है। इस फिल्म में महाक्षय चक्रवर्ती, चेतना पांडे, श्रुति प्रकाश और हेमंत पांडे जैसे कलाकार नजर आएंगे। जॉनरः हॉरर, रिलीज डेटः 12 जून।

## 7 पतियों की मौत, मिला ये कल्ट गाना, दिलचस्प है इस गाने की कहानी

# 166 साल पुराने रूसी लोकगीत पर बना ये हिंदी सॉन्ग, ऊषा ने दी आवाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सिनेमा में ऐसे कई सिंगर्स हैं, जिनके काम को खूब पसंद किया और जिन्होंने सालों तक काम किया। लेकिन, उनके काम को वो पहचान नहीं मिली, जिसके वह हकदार थे। ऐसा ही बॉलीवुड की एक सिंगर के साथ हुआ, जब उन्होंने एक ऐसे गाने को बनाया जिसने उन्हें उनके करीब 40 साल के कॅरियर में पहली बार उन्हें अवॉर्ड दिलाया था और यह सब उनके एक गाने की वजह से हुआ था और आज उसी कल्ट गाने की कहानी जानते हैं।

### कौन सा है वो गाना?

बॉलीवुड की मशहूर सिंगर ऊषा उत्थुप ने सिनेमा में कई यादगार गाने दिए, लेकिन उन गानों के लिए उन्हें कभी वो सराहना या बड़े सम्मान नहीं दिए गए। फिर साल 2011 में ऊषा उत्थुप को एक फिल्म का ऑफर आया और इस फिल्म का नाम था '7 खून माफ' । यह वही फिल्म है, जिसमें प्रियंका चोपड़ा ने मुख्य किरदार निभाया था। इस फिल्म में ऊषा ने मैगी का किरदार निभाया। इसी फिल्म में एक गाना था, जिसका नाम था 'डार्लिंग' इस गाने को ऊषा ने ही अपनी आवाज दी थी और उनके साथ रेखा भारद्वाज ने भी इस गाने को गाया था।



### इस गाने के लिए अवॉर्ड मिला

*इस गाने के लिए ऊषा उत्थुप को अवॉर्ड भी मिला और ये उनके जीवन के एक बड़ी उपलब्धि थी। आमतौर पर बॉलीवुड में विदेशी धुनों को बिना बताए कॉपी कर लिया जाता है, लेकिन विशाल भारद्वाज ने फिल्म की एल्बम और क्रेडिट रोल्स में आधिकारिक तौर पर 'कालिन्का' और उसके रूसी ओरिजिन को पूरा क्रेडिट दिया है। इसीलिए आज भी यह गाना उतना ही हिट है और लोग इस पर खूब थिरकते हैं।*

### रूसी धुन से बना आइकोनिक गाना

असल में डार्लिंग गाना सात समंदर पार से आया था। 'डार्लिंग' गाना रूस का एक बेहद मशहूर और पारंपरिक लोक गीत है, जिसका नाम है 'कालिन्का' । कालिन्का को साल 1860 में रूसी संगीतकार और लोक-साहित्यकार इवान लारियोनोव ने लिखा था। रूस में यह गाना उतना ही लोकप्रिय और पवित्र माना जाता है, जितना भारत में संगीत सीखने के लिए 'सा रे गा मा' या कोई बहुत प्रसिद्ध लोकगीत। यह गाना अक्सर रूसी सेना के कॉयर द्वारा गाया जाता रहा है। आज भी वहां यह गाना अलग-अलग मौकों पर गाया जाता है। ऊषा उत्थुप ने इसी गाने की धुन को सोचा और फिर विशाल भारद्वाज के साथ मिलकर उन्होंने डार्लिंग जैसा कल्ट गाना बना दिया, जो कि ब्लॉकबस्टर रहा।

### कैसे बना डार्लिंग गाना?

दरअसल, उस दौरान ऊषा उत्थुप को ऐसे ही विशाल भारद्वाज ने अपनी फिल्म 7 खून माफ का ऑफर दिया और पूछा कि क्या वह एक्टिंग करना चाहेंगी। बाद में उन्होंने इस ऑफर को एक्सेप्ट कर लिया और इसके बाद सीधे ही फिल्म में ऊषा को मैगी का किरदार मिल गया। अब फिल्म '7 खून माफ' रस्किन बॉन्ड की कहानी 'सुजानाज सेवन हसबैंड्स' पर आधारित थी। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा मुख्य किरदार में थीं और प्रियंका का किरदार सुजाना कुल 7 शादियां करती है और अपने पतियों को मार देती है। इसी में एक पति के किरदार का नाम अलेक्जेंडर होता है और वह रूसी होता है। इसी को लेकर ऊषा उत्थुप के दिमाग में एक रूसी धुन आती है और फिर विशाल भारद्वाज को यह बताती हैं तो इस पर विशाल उनसे एक गाना बनाने को कहते हैं।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई सरिया में विभिन्न ट्रेड में प्रवेश प्रारंभ

**सरिया।** शासकीय आईटीआई सरिया के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 एवं 2026-2028 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 29 मई से प्रारंभ होकर 15 जून तक जारी रहेगी। इच्छुक अभ्यर्थी इस अवधि में विभागीय पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आईटीआई सरिया में संचालित एनसीवीटी पाठ्यक्रम हेतु विधुतकार, कोपा, फिटर एवं एससीवीटी में वेल्डर पाठ्यक्रम संचालित की जाएगी।

### सेवा, सुशासन को समर्पित भाजपा की जिला कार्यशाला

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवाए सुशासन एवं गरीब कल्याण के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज भारतीय जनता पार्टी, जिला रायगढ़ के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यशाला भाजपा जिला प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर की उपस्थिति एवं जिला अध्यक्ष अरुण धर दीवान की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान प्रभारी द्वारा बताया गया कि मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के दिन पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को जन.आंदोलन बनाने का संकल्प लिया गयाए हर मंडलए हर बूथ स्तर पर पर पौधरोपण कर उसे संरक्षित करने का दायित्व कार्यकर्ता को दिया जाएगा। 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन प्रत्येक नागरिक तक योग और स्वस्थ जीवन शैली का संदेश पहुंचाने का निर्णय लिया गया। जिला से लेकर बूथ स्तर तक योग शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लेते हुए कार्यकर्ताओं को सफल क्रियान्वयन के टिप्स दिए। उन्होंने कहा मोदी सरकार के 12 वर्ष गरीब कल्याण के स्वर्णिम वर्ष है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अंतिम छोर पर...

कुमार साहू तथा अपर जिला न्यायाधीश जनार्दन खरे की विशेष मौजूदगी रही। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अधिवक्ता संघ की मांग पर सभागार के जीर्णोद्वार और नए तल के निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपये की राशि देने की घोषणा की थी। शासन द्वारा राशि के आवंटन के पश्चात ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को कार्य एजेंसी नियुक्त किया गया है, जिसके तहत आज इस निर्माण कार्य का आधिकारिक भूमि पूजन पंडित मनोज रमाकांत मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। अतिथियों के स्वागत सत्कार के बाद प्रधान जिला न्यायाधीश सत्येंद्र कुमार साहू ने अधिवक्ता संघ को इस नई शुरुआत के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम की शुरुआत में स्वजातीय उद्बोधन जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश साय द्वारा दिया गया, जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री और अतिथियों का आभार जताया। पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन संघ के सचिव सत्यप्रकाश तिवारी ने किया, जबकि कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन नरेश नंदे द्वारा किया गया।

### तीन लाख में लगाया गया था शेड, लेकिन आंधी ने उड़ा दिया

# आंधी-बारिश में उड़ गया शेड, सामुदायिक भवन में सचालित हो रहा सुलौनी प्राइमरी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏩ पुसौर

पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम सुलौनी में शासकीय प्राथमिक शाला पिछले कई सालों से स्थापित है, लेकिन भवन जर्जर होने की वजह से स्कूल वहां के एक सामुदायिक भवन में संचालित हो रहा है। पिछले साल आंधी-तूफान में स्कूल की टीन शेड उड़ गई थी। तब से नन्हे बच्चे बिना छत की स्कूल में पढ़ने को मजबूर थे। अब गांव के सामुदायिक भवन में कक्षाएं लग रही हैं।

जानकारी के मुताबिक ग्राम सुलौनी में प्राथमिक शाला स्थापना के बाद वहां नवीन शाला भवन का निर्माण किया गया था। लगभग 15 वर्ष तक यहां स्कूल संचालित रहा लेकिन छत जर्जर होने के कारण उसे तोड़ दिया गया। भूपेश सरकार के कार्यकाल में स्कूल जतन योजना के तहत 3 लाख की स्वीकृति दिलाकर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को कार्य एजेंसी में पूरे स्कूल की छत को टीन से आच्छादित किया गया और वहां स्कूल संचालित रहा। लेकिन पिछले साल आंधी-तूफान और बारिश में उक्त टीन शेड उड़कर बाहर गिर गई जिससे पूरा स्कूल बिना छत के रह गया। तब से गांव के एक सामुदायिक भवन में स्कूल संचालित है। ग्रामीणों की मानें तो नवीन स्कूल भवन बनाये जाने हेतु इन्होंने शासन के समक्ष कई बार आवेदन लगा चुके हैं। बताया जा रहा है कि अतिरिक्त कक्ष० के नाम से कुछ राशि स्वीकृत हुई है जिसमें स्कूल के नाम से कुछ कमरे बनने वाले हैं, लेकिन पूरा नया भवन कब बनेगा इसकी कोई समय.सीमा नहीं है।




### खुलने वाली है स्कूल, बरसात भी सिर पर

ज्ञात हो कि ग्राम सुलौनी ग्राम पंचायत छीच का आश्रित ग्राम है। सुलौनी ग्राम के नन्हे छात्रों के समक्ष भवन का अभाव है। बरसात सिर पर है और सामुदायिक भवन में भी शादी- विवाह, दशगात्र जैसे कार्यक्रम होते रहते हैं जिससे पढ़ाई बाधित होती है। स्कूल जतन योजना का उद्देश्य ही जर्जर भवनों का जीर्णोद्धार था। 3 लाख खर्च के बाद भी अगर एक साल में छत उड़ जाए तो निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठना लाजमी है।

### नशीले इंजेक्शन के सप्लायर गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस ने नशीले इंजेक्शन के अवैध कारोबार करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने खरसिया निवासी सुनील श्रीवास उर्फ सुनील ठाकुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी पर युवाओं और नाबालिगों तक नशीले बुट्रम इंजेक्शन पहुंचाने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक 26 मई को साइबर थाना और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम को सूचना मिली थी कि रामलीला मैदान के पास कुछ युवक नाबालिग लड़कों और युवाओं को बुट्रम इंजेक्शन लगाकर नशा करा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर कुछ युवक फरार हो गए जबकि सूरज पंडित और विमल केरकेट्टा को मौके से पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान सूरज पंडित के कब्जे से 24 नग बुट्रम इंजेक्शन, दो सिरिंज, 7 हजार 370 रुपए नकद और एक मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे खरसिया निवासी सरोज यादव से नशीले इंजेक्शन खरीदकर युवकों और नाबालिगों को बेचते थे।

## श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**खरसिया।** सनातन धर्म में विशेष महत्व रखने वाले पावन पुरुषोत्तम मास के शुभ अवसर पर खरसिया क्षेत्र पूरी तरह से भक्ति के रंग में सराबोर हो उठा है। यहां के प्रसिद्ध श्री मेंहदीपुर बालाजी श्री गीता मंदिर प्रांगण में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है।



27 मई से शुरू हुआ यह आध्यात्मिक उत्सव आगामी 2 जून तक चलेगा। कथा के प्रथम दिन से ही प्रख्यात कथा व्यास पंडित संकल्प कृष्ण शास्त्री जी की सुमधुर वाणी से श्रीमद्भागवत कथा की अमृतधारा बह रही है। उनके मुखारविंद से फूट रहे भजनों और कथा प्रसंगों को सुनकर श्रद्धालु भाव.विभोर हो रहे हैं। श्री मेंहदीपुर बालाजी श्री गीता मंदिर प्रांगण, खरसिया में 27 मई से 2 जून तक सनातन धर्म में अत्यंत फलदायी माने जाने वाले पुरुषोत्तम मास में इस कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास के साथ कुशल संगीतकारों की टोली द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो रहे हैं। इस संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से पूरे खरसिया क्षेत्र का वातावरण अत्यंत पवित्र और भक्तिमय हो गया है। पंडित संकल्प कृष्ण शास्त्री जी ने कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुरुषोत्तम मास में भगवान हरि की कथा का श्रवण करने से मनुष्य के जन्म जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं और जीवन में सुख.समृद्धि का वास होता है।

# महानदी में अवैध खनन रोकने में प्रशासन फेल, दिन रात चल रही है रेत की तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏩ सरिया

सरिया तहसील क्षेत्र के महानदी में इन दिनों रेत का अवैध खनन हो रहा है। रात दिन चल रही रेत तस्करी को प्रशासन रोक पाने में फेल है। जागरूक नागरिकों ने इसकी शिकायत खनिज विभाग सारंगढ़ से की है। खनिज विभाग को दिए गए ज्ञापन में नागरिकों ने कहा है की सरिया तहसील क्षेत्र के ग्राम नदी गांवए पोरथ एवं सांकरा में धड़ल्ले से मशीनों के द्वारा अवैध रेत खनन हो रहा है और प्रशासन बेखबर है। क्षेत्र की जीवनदायनी महानदी इन दिनों रेत माफिया की शिकंजे में है। महानदी में 24 घंटे रेत का दोहन कर रहे हैं। जहां पर रेत माफिया गुंडागर्दी के दम पर अवैध खनन को संचालित कर रहे हैं।



मानसून के पहले इन तीनों ग्रामों में अवैध उत्खनन रोजाना 300 से ज्यादा ट्रैक्टरों के माध्यम से किया जा रहा है और जगह.जगह डम्प किया जा रहा हैं। ताकि बरसात के समय ऊंचे दामों में बेचा जा सके ।शासन के आदेश अनुसार वर्षा काल के समय रेत खनन 10 जून से 15 अक्टूबर तक रोक लगता है।

इसलिए रेत माफिया भारत सरकार, पर्यावरण मंत्रालय एवं खनिज विभाग के नियमों को दरकिनार करते हुए अंधाधुन रेत का अवैध उत्खनन कर रहें हैं। सरिया क्षेत्र के महानदी में रेत का दोहन हो रहा है। इसको लेकर जागरूक ग्रामीणों ने लगातार विरोध कर रहे हैं तथा शुक्रवार को कलेक्टर खनिज शाखा में ज्ञापन देकर उचित कार्रवाई की मांग की गई है। जागरूक नागरिक नितिन कुमार पाणिग्राही द्वारा खनिज विभाग को दिए गए ज्ञापन में लिखा है कि अवैध रेत खनन सिंडिकेट पर त्वरित कार्रवाई की जाए ।उन्होंने कहा कि ग्राम सांकरा, नदी गांव और पोरथ में सांकरा निवासी अनिल मिश्रा के द्वारा जेसीबी एवं ट्रैक्टरों के द्वारा महानदी से प्रतिदिन लगभग 300 से ज्यादा ट्रैक्टर ट्रॉली रेत का अवैध परिवहन कर रहा है। उन्होंने ज्ञापन में लिखा है कि बड़े पैमाने पर उपरोक्त ग्रामों में भंडारण किया जा रहा है। तथा बिना किसी शासकीय टेंडर के आमजन से रॉयल्टी प्रति ट्राली 300 रुपए की अवैध वसूली की जा रही है। खनिज विभाग को दिए गए ज्ञापन में नितिन कुमार पाणिग्राही ने आगे लिखा है कि स्थानीय लोगों का आरोप है कि जब कोई व्यक्ति रेत खनन स्थल पहुंचकर सवाल उठाने का कोशिश करता है तब एक बड़े भाजपा नेता का नाम लेकर दवाब बनाने व बचने का प्रयास किया जाता है।

बिना अनुमति से बड़े पैमाने पर रेत का निकासी हो रहा है। लगातार जेसीबी मशीनों से महानदी का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ रहा है। और जल स्तर प्रभावित हो रहा है। नितिन कुमार पाणिग्राही ने खनिज विभाग से मांग किया है कि रेत खदानों व भंडारण की जांच कर शासकीय नियम अनुसार दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाए।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर नगर पंचायत किरोड़ीमल में जनप्रतिनिधियों की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायगढ़

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के परिपालन हेतु नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर में जनप्रतिनिधियों की कार्यशाला आयोजित की जिसमें किरोड़ीमल नगर रायगढ़ सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 6174/2023 में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के परिपालन हेतु समय. समय पर जारी कड़े निर्देशों एवं पारित आदेशों के पालन में नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें नगर पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यशाला में नगर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यशाला के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित विभिन्न आदेशों 19.02.2026, 29.04.2026 एवं 05.05.2026 के तहत प्रसारित निर्देशों के बारे में अत्यंत विस्तार से समझाया गया। इसके साथ ही नियमों के जमीनी स्तर पर प्रभावी



क्रियान्वयन के लिए सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों को पारित निर्देशों की प्रति कॉपी भी उपलब्ध कराई गई। सीएमओ ने बताया कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त बनाने में वार्ड पार्षदों और स्थानीय निकायों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा विस्तार से स्वच्छता के बारे में समझाया जन प्रतिनिधियों द्वारा वार्डों की सफाई के संबंध में समस्या बताया गया, नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर द्वारा सभी कार्य पूर्ण और सतत निगरानी रखने का आस्वासन दिया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर के अध्यक्ष हरिकिशोर चंद्रा ने की। बैठक में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष श्रीमती रुकसाना इकबाल सहित विभिन्न वार्डों के पार्षदगण उपस्थित रहेए जिनमें मुख्य रूप से हेमलाल विश्वकर्मा कमलेश यादव, अजय राय, अमरनाथ सिंह, सुरेश कुमार साहू, कृष्णा कुमार चंद्रा, सुदामा चौहान श्रीमती अनुपी सिदार व अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

### बैंकिंग, बचत और निवेश का दिया गया प्रशिक्षण

# जेल के बंदियों ने जाना वित्तीय प्रबंधन के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायगढ़

जिला जेल रायगढ़ में आज लीड बैंक कार्यालय की ओर से एक वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 200 कैदियों ने भाग लिया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कैदियों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाना उन्हें जिम्मेदार आर्थिक व्यवहार के प्रति जागरूक करना तथा रिहाई के बाद समाज में सफल पुनर्वास की दिशा में मार्गदर्शन देना था। अधिकारियों के अनुसार, वित्तीय साक्षरता कैदियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ पुनरावृति दोबारा अपराध को कम करने में भी अहम भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में यह भी रेखांकित



किया गया कि यदि व्यक्ति को पैसे के सही प्रबंधन की समझ हो तो वह जेल से बाहर आने के बाद अपने जीवन को अधिक स्थिर और व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ा सकता है। शिविर में अग्रणी बैंक प्रबंधक कमल किशोर सिंह ने प्रतिभागियों को व्यक्तिगत वित्तीय प्रबंधन के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने सरल भाषा में समझाया कि कैसे सही बजट बनाकर आय और व्यय के बीच संतुलन स्थापित किया जा सकता है। इसके अलावा बचत की आदत विकसित करने, चक्रवृद्धि ब्याज के दीर्घकालिक लाभ और निवेश के विविध विकल्पों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को यह बताया गया कि अलग-अलग परिसंपत्ति वर्गों में निवेश करने से जोखिम को कम किया जा सकता है और वित्तीय सुरक्षा को मजबूत बनाया जा सकता है। विशेष रूप से यह भी समझाया गया कि छोटी-छोटी नियमित बचतें भविष्य में बड़ी पूंजी का रूप ले सकती हैं, यदि उन्हें सही दिशा में निवेश किया जाए। कार्यक्रम में कैदियों को जिम्मेदारी से ऋण लेने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## जिले में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेने पहुंचे पीडब्ल्यूडी सचिव



### विभागीय अधिकारियों की ली बैठक, सड़क और भवन निर्माण की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायगढ़

लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल जिले में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कुछ कार्यों का जहां मौके पर जाकर जांच किया। वहीं अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा भी की। इस दौरान जिले सहित उसके साथ आई अधिकारियों की टीम भी मौजूद रही। रायगढ़ में केलो नदी पर निर्माणधीन कयाघाट ब्रिज और मरीन ड्राइव का निरीक्षण किया।

उन्होंने कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी तथा विभागीय अधिकारियों से दोनों कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्यों में तेजी लाते हुए इन दोनों महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को समय.सीमा में पूरा करने को कहा। लोक निर्माण विभाग के सचिव ने रायगढ़ सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे सड़क और भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की।

### इन कार्यों को जल्द प्रारंभ करने का दिया निर्देश

उन्होंने ट्रांजिट हॉस्टल, मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन, प्रयास आवासीय स्कूल भवन, कामकाजी महिला छात्रावास और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण की कार्य योजनाओं की जानकारी लेकर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने को कहा।कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वीके भतपहरी, बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता आरके राठे और जीएस मंडावी, अधीक्षण अभियंता केपी संत, एनके लाल और जेपी तिग्गा सहित कार्यपालन अभियंता एवं सभी अनुविभागीय अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे।

उन्होंने सभी निर्माण कार्यों की पूर्ण उपयोगिता और टिकाऊपन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। श्री बंसल ने रायगढ़ जिले में लोक निर्माण विभाग के सभी उप संभागों में प्रगतिरत सड़कों और पुलों की समीक्षा के बाद नवीन भवनों के कार्यों की समीक्षा भी की।

## पंचम पुण्यतिथि पर श्रद्धा से याद किए गए पूर्व मंत्री डॉ.शक्राजीत

**बरमकेला।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता, पूर्व सिंचाई मंत्री चार बार विधायक एवं जनसेवा की राजनीति के प्रतीक रहे स्वर्गीय डॉ. शक्राजीत नायक की पंचम पुण्यतिथि पर बरमकेला स्थित डॉ. शक्राजीत नायक चौक श्रद्धा, सम्मान और स्मृतियों का केंद्र बना रहा। सुबह से ही चौक में लोगों का आना शुरू हो गया था और देर शाम तक श्रद्धांजलि देने वालों का सिलसिला चलता रहा। कार्यक्रम में अंचल भर से पहुंचे जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, समर्थकों और आम नागरिकों ने डॉ. नायक के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बेहद सादगी लेकिन भावनात्मक वातावरण में किया गया। चौक परिसर को सजाया गया था तथा श्रद्धांजलि मंच पर स्वर्गीय डॉ. शक्राजीत नायक के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी जानकी नायक, पुत्र एवं पूर्व विधायक प्रकाश नायक, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कैलाश नायक, वर्तमान जिला पंचायत सदस्य एवं कृषि स्थायी समिति सभापति डॉ. अभिलाषा कैलाश नायक सहित पूरा परिवार उपस्थित रहा। परिवारजनों ने श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने की बात कही कार्यक्रम में बरमकेला सहित रायगढ़, सारंगढ़, पुसौर, खरसिया, चंद्रपुर, लैलूंगा, शक्ति और सरायपाली क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे।



### विवाहिता ने पति पर प्रताड़ना का लगाया आरोप

**रायगढ़।** एक विवाहिता ने अपने पति पर मारपीट, मानसिक प्रताड़ना और धार्मिक रीति रिवाज अपनाने के लिए दबाव बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला ने महिला थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है और अपनी सुरक्षा की मांग भी की है। जानकारी के अनुसार पीड़िता मूल रूप से कोरबा जिले की रहने वाली बताई जा रही है। उसका आरोप है कि जोगीडीपा निवासी वसीम मोहम्मद ने खुद को तलाकशुदा बताकर उससे नजदीकियां बढ़ाईं और बाद में वर्ष 2021 में मुस्लिम रीति.रिवाज से विवाह कर लिया। शादी के बाद महिला को पता चला कि वसीम पहले से शादीशुदा है और उसके पांच बच्चे भी हैं। महिला का कहना है कि पति ने पहली पत्नी को तलाक नहीं दिया था और यह बात उससे छिपाई गई।





